सत्यमेव जयते

राजभवन सूचना परिसर, उत्तराखण्ड
प्रेस विज्ञप्ति–2

राजभवन देहरादून, 09 जनवरी 2024

राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (से नि) से मंगलवार को राजभवन में सीमा सड़क संगठन (बीआरओ) के महानिदेशक लेफ्टिनेंट जनरल श्री रघु श्रीनिवासन ने भेंट की। राज्यपाल ने बीआरओ के महानिदेशक के साथ उत्तराखंड के सीमांत क्षेत्रों में सड़क संपर्क पर विस्तार से चर्चा की। राज्यपाल ने राज्य के सीमांत क्षेत्रों में बुनियादी ढांचे के विकास के लिए बीआरओ द्वारा प्रतिकूल परिस्थितियों के बावजूद किए जा रहे प्रयासों की सराहना की। इस अवसर पर उन्होंने उत्तराखंड में बीआरओ द्वारा संचालित प्रोजेक्ट्स एवं कार्यों के बारे में विस्तृत जानकारी प्राप्त की। इस अवसर पर एडीजीबीआर (एनडल्यू) श्री हरेंद्र कुमार और बीआरओ के अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

............0............